University of Lucknow
लखनऊ विश्वविद्यालय
Centennial Celebrations
शताब्दी उत्सव
(A++ Accredited by NAAC)

# Department of Education
UNIVERSITY OF LUCKNOW
Lucknow – 226007 (U.P.) India

Ref. No.........................

Date: 25.05.2023

## प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक 25.05.2023 को शिक्षा विभाग द्वारा 'शोध में गुणात्मक विधियों का परिचय' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसके विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रो0यू0सी0वशिष्ठ उपस्थिति रहें।

कार्यक्रम का आरम्भ विभाग के विभागाध्यक्ष तथा संकायाध्यक्ष प्रो0 दिनेश कुमार द्वारा विषय विशेषज्ञ का स्वागत करके किया गया। प्रो0 वशिष्ठ ने अपने व्याख्यान में शैक्षिक शोध गुणात्मक विधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि अनुसंधान में गुणात्मक शोध प्रविधियों का इतिहास बहुत नया है लेकिन अपनी वैशिष्टयता के कारण यह विभिन्न ज्ञानानुशासनों में बहुत तेजी से स्वीकार की जा रही हैं।

प्रो0 वशिष्ठ ने आगे कहा कि सत्य तक पहुॅचने के अलग–अलग रास्ते हैं। ठीक ऐसे ही शोध के वैध तथा विश्वसनीय निष्कर्षो तक पहुॅचने के लिए भी अलग–अलग विधियों तथा प्रविधियों का उपयोग किया जाता है इसलिए आवश्यक यह हो जाता है कि शोधार्थी अपने शोध की प्रकृति तथा औचित्य के अनुरूप उचित शोध विधि का चयन करते हुए वास्तविक निष्कर्ष तक पहुॅच सके। उन्होंने गुणात्मक अनुसंधान के विभिन्न विधियों जैसे घटनाकिया अनुसंधान, आधारित सिद्धान्त, विश्लेषण विधि, नैदानिक केस अध्ययन, व्यष्टि अध्ययन, नृजातीय अध्ययन इत्यादि के विषय में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने शोधार्थियों तथा स्वातकोत्तर के विद्यार्थियों की विभिन्न शंकाओ का समाधान भी किया।

व्याख्यान के अंत में प्रो0 मुनेश कुमार ने विषय विशेषज्ञ का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस दौरान शोधार्थियों सहित संकाय के डॉ0 हेमेन्द्र सिंह, डॉ0 आकांक्षा सिंह, डॉ0 नीतू सिंह, डॉ0 सुमित गंगवार, डॉ0 संजय यादव, डॉ0 सूर्या नारायण गुप्ता, डॉ0 बीना इन्द्राणी सहित संकाय के सदस्य उपस्थिति रहें।

25/5/2023

(प्रो0 दिनेश कुमार)
विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष

Scanned with CamScanner